# वार्षिक प्रतिवेदन

(2025-26)

Knowledge & Empowerment

राजकीय महाविद्यालय देहरा
वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के उपलक्ष्य पर मुख्यातिथि

**श्री शशि भूषण सेखरी**

**(पूर्व निदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश )**

की उपस्थिति में दिनांक मार्च 13,
2026 को प्रस्तुत



Generated by CamScanner

## 1. महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय

यह महाविद्यालय वर्ष 2017 में अधिसूचना संख्या EDN- AKA (1) – 2 / 2012 - P1-1 (हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय) के अन्तर्गत अस्तित्व में आया तथा जून 2017 से बी.ए. तथा बी. कॉम प्रथम सत्र में प्रवेश के साथ कार्य करना प्रारम्भ किया। सन 2022 से बी.ए. तथा बी. कॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश को अधिसूचना संख्या SPU -MANDI/ CDC/2022/466/75 के सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के अंतर्गत शामिल किया गया | अगस्त 2023 में फिर से अधिसूचना संख्या EDN-A-Ka(1)-17/2021-L-1 के अंतर्गत पुन: बी.ए तथा बी. कॉम संकाय की कक्षाओं में प्रवेश को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला (HPU) के अंतर्गत प्रारंभ किया गया| देहरा ब्यास नदी के किनारे तथा माँ बजेश्वरी, ज्वालाजी एवं चिन्तपूर्णी शक्तिपीठों के मध्य स्थित हिमाचल प्रदेश की सबसे पुरानी तहसील है, इसका क्षेत्रफल लगभग 515 वर्ग मीटर है। विदेशी आक्रमणकारियों ने पहाड़ी राज्यों में अपने अभियान के लिए डेरा (शिविर) के रूप में इस जगह का इस्तेमाल किया था। सन 1868 में इसे तहसील के रूप में विकसित किया गया, ब्रिटिश राज के दौरान इस शहर का अधिकारिक नाम डेरा था बाद में इसे देहरा नाम दिया गया।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Name and Address of the College** | | | | |
| Name | GOVT. DEGREE COLLEGE, DEHRA, | | | |
| Address | GOVT. Degree College, Dehra, District Kangra, HP-177101 | | | |
| City | Dehra | | | |
| State | Himachal Pradesh | | | |
| Pin | 177101 | | | |
| Website | https://gdcdehra.ac.in | | | |
| **Type of Institution** | | | | |
| By Gender | Co-Education | | | |
| By Shift | Regular | | | |
| **Recognized Minority Institution** | | | | |
| If it is a recognized minority | No | | | |
| **Establishment Details** | | | | |
| **State** | **University Name** | | | |
| Himachal Pradesh | Himachal Pradesh University, Shimla, Sardar Patel University, Mandi, HP | | | |
| **Location & area of campus** | | | | |
| Campus Type | Address | Location | Campus area in acres | Built up Area in |



Generated by CamScanner

| | | | | sq.mts |
|---|---|---|---|---|
| Campus Area Temporary running in GMSSS Dehra (Boys) Premises | GDC, Dehra Distt Kangra H.P 177101 | Urban | | |

'वार्षिक प्रतिवेदन' संस्थान का एक सरकारी दस्तावेज होता है, जिस में गत वर्ष के कार्यों का विस्तृत विवरण दिया जाता है। अब आप के समक्ष सत्र 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है, जो कि इस प्रकार से है –

## 2. महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों एवं अन्य गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की संख्या

**प्राध्यापक वर्ग–** महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक सुयोग्य एवं अपने विषयों में लब्ध प्रतिष्ठित विद्वान हैं| महाविद्यालय में प्राचार्य सहित शिक्षको के कुल आठ पद सृजित हैं| जिनमें से प्राचार्य, अंग्रेजी तथा इतिहास विषय के पद रिक्त हैं। रिक्त पड़े पदों पर विद्यार्थियों की सुचारू रूप से कक्षाओं के सञ्चालन हेतु समीपस्थ महाविद्यालयों से प्राध्यापको को प्रतिनियुक्त किया गया है|

**गैर-शिक्षक वर्ग-** महविद्यालय में शिक्षणेत्तर दायित्व निभाने हेतु कुल 10 पद स्वीकृत हैं। इनमें से वर्तमान में सात पद भरे हैं, जिनमें से वरिष्ठ सहायक का एक पद व दो पद चतुर्थ श्रेणी के रिक्त हैं|

| कुल सृजित प्राचार्य व शिक्षक पद | वर्तमान में कार्यरत | रिक्त पद |
|---|---|---|
| 08 | 05 | 03 (प्राचार्य, इतिहास, अंग्रेजी ) |

**महाविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों की संख्या:**

| कुल सृजित गैर शिक्षक पद | वर्तमान में कार्यरत | रिक्त पद |
|---|---|---|
| 04 | 03 | 01 |

**महाविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी/ सफाई कर्मचारियों की संख्या:**

| कुल सृजित चतुर्थ श्रेणी/ सफाई कर्मचारी पद | वर्तमान में कार्यरत | रिक्तपद |
|---|---|---|
| 05 | 03 | 02 |

**पुस्तकालय अध्यक्ष:-**

| कुल सृजित पुस्तकालय अध्यक्ष पद | वर्तमान में कार्यरत | रिक्त पद |
|---|---|---|
| 01 | 01 | -- |



Generated by CamScanner

**3. नियुक्तियां एवं स्थानांतरण:** इस वर्ष महाविद्यालय में किसी भी पद पर नई नियुक्ति नहीं हुई है।

दिनांक 03 नवम्बर 2025 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार सोनी का स्थानांतरण राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में हुआ। तब से प्राचार्य का पद रिक्त है।

| नाम | पद | स्थान |
|---|---|---|
| **डॉ.सतीश कुमार सोनी** | **प्राचार्य** | राजकीय महाविद्यालय देहरा से राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर |
| प्रो. दिनेश कुमार | सहायक आचार्य (इतिहास ) | राजकीय महाविद्यालय हरीपुर (गुलेर) |
| प्रो. परवीन कुमार | सहायक आचार्य(राजनीतिकशास्त्र) | राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर |
| डॉ. शर्मिता पठानिया | सहायक आचार्य (अंग्रेजी) | राजकीय महाविद्यालय ढलियारा |
| डॉ. मंजू कुमारी | सहायक आचार्य (हिन्दी) | राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर |
| प्रो. निवेदिता चौहान | सहायक आचार्य (अर्थशास्त्र) | राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला |

**4. शैक्षणिक सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम:**

शिक्षण संस्था का मूल्यांकन गुणात्मक शिक्षा, अनुशासन, क्रमिक शैक्षणिक दिनचर्या और विशेषकर परिणाम के आधार पर किया जाता है। महोदय यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि विगत आठ वर्षों से इस महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यधिक संतोषजनक एवं उत्साहवर्धक रहा है। सरदार पटेल विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में हमारे महाविद्यालय की एक छात्रा ने अपना स्थान बनाकर इस बात को सिद्ध किया है। वार्षिक परीक्षा परिणाम का विवरण निम्न प्रकार से है-

| College Annual Result for the Session 2024-2025 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sr. No | Class | Students Enroll | Pass | Fail | Pass% |
| 1 | B.A 1st | 24 | 13 | 11 | 54.17% |
| 2 | B.A 2nd | 25 | 22 | 03 | 88% |
| 3 | B.A 3rd | 36 | 30 | 06 | 83.33% |
| 4 | B.Com 1st | 08 | 01 | 07 | 12.5% |
| 5 | B.Com 2nd | 10 | 05 | 05 | 50% |



Generated by CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | B.Com 3rd | 12 | 12 | 00 | 100% |

## 5.नामांकन एवं कुल विद्यार्थी/ Student Enrolment:

शिक्षा सत्र 2025-26 में महविद्यालय में 118 विद्यार्थियों ने कला व वाणिज्य संकायों में प्रवेश लिया है| इनमें से 28 छात्र व 90 छात्राएं हैं|

| Class | Boys | | | | | Total | Girls | | | | | Others State | | Total | Gr. Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Gen. | S.C | S.T | OBC | IRDP | Total | Gen. | S.C | S.T | OBC | IRDP | B | G | Total | Gr. Total |
| B.A 1st year | 03 | 03 | 00 | 02 | 00 | 08 | 09 | 11 | 00 | 19 | 00 | 0 | 0 | 39 | 47 |
| B.Com 1st year | 03 | 00 | 00 | 04 | 00 | 07 | 02 | 00 | 00 | 05 | 00 | | | 07 | 14 |
| | Total Boys & girls B.A. & B.com 1st Year | | | | | | | | | | | | | | 61 |
| B.A 2nd year | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 02 | 07 | 01 | 00 | 05 | 00 | 01 | 01 | 13 | 15 |
| B.Com 2nd Year | 01 | 01 | 00 | 02 | 00 | 04 | 00 | 02 | 00 | 01 | 00 | 03 | | 03 | 07 |
| | Total Boys & girls B.A. & B.com 2nd Year | | | | | | | | | | | | | | 22 |
| B.A 3rd year | 00 | 01 | 00 | 04 | 00 | 05 | 02 | 10 | 00 | 13 | 00 | - | - | 25 | 30 |
| B.Com 3rdyear | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 | 02 | 00 | 00 | 01 | 00 | | 01 | 03 | 05 |
| | Total Boys & girls B.A. & B.com 3rd Year | | | | | | | | | | | | | | 35 |
| Total | 08 | 08 | 00 | 12 | 00 | 28 | 22 | 24 | 00 | 44 | 00 | 01 | 01 | 00 | 118 |



Generated by CamScanner

**6.गृह परीक्षा:** यह अनिवार्य है कि वार्षिक परीक्षा में वही विद्यार्थी प्रवेश कर सकता है जो गृह परीक्षा में उत्तीर्ण होगा। सत्र- 2025-26 की गृह परीक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। इन परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आज इस पारितोषिक वितरण समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा।

**7.छात्रवृतियाँ:** हमारे महाविद्यालय में विभिन्न श्रेणियों के पात्र छात्र-छात्राओं लिए केन्द्रीय व राज्य सरकार सौजन्य से प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों- का विवरण इस प्रकार है-

1. डॉ.अम्बेडकर आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग हेतु पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति योजना हि. प्र.
2. पोस्ट-मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रवृति योजना हि. प्र.
3. पोस्ट-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रवृति योजना हि. प्र.
4. पोस्ट-मैट्रिक अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रवृति योजना हि. प्र.
5. पोस्ट-मैट्रिक दिव्यांग विद्यार्थी हेतु छात्रवृति योजना हि. प्र.
6. कल्पना चावला छात्रवृति योजना हि. प्र.
7. IRDP छात्रवृति योजना हि. प्र.

सत्र 2025-26 नैशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से विभिन्न छात्रवृतियों के लिए आवेदन करने वाले छात्र एवं छात्राओ का विवरण निम्न प्रकार से है –

| Sr. No | Name of Scholarship | Fresh | Renewal | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Centrally Sponsored Post Metric Scholarship Scheme For SC Students-HP | 4 | - | - |
| 3. | KALPANA CHAWLA CHATRAVRITI YOJANA-HIMACHAL PRADESH | 1 | 1 | - |
| 4. | Centrally Sponsored Post Metric Scholarship Scheme For ST Students-HP | - | - | - |
| 5. | PM Yasasvi Post Metric Scholarship Scheme For OBC Students-HP | 04 | - | - |
| | **Total No. of Students** | 09 | 01 | 10 |



Generated by CamScanner

## 8.पुस्तकालय:

विद्यार्थियों की ज्ञान- पिपासा को मिटाने के लिए महाविद्यालय का अपना विशाल पुस्तकालय है जो कि पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत है।

| Total Books | Magazine | News Papers |
|---|---|---|
| 648 | 03 | 03 |

## 9.महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र परिषद्/ CSCA :(सत्र 2025-26)

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, दिनांक 26 अगस्त, 2016 की अधिसूचना (पत्रसंख्या) 3-1/80- HPU (Genl.) Vol. XII के अनुसार, दिनांक 23.09.2025 को महाविद्यालय में केन्द्रीय छात्र परिषद् की कार्यकारिणी का चयन हुआ।

| Sr. No. | Post | Name of Student | Class | Roll. No. | SGPA/ %age |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | President | Anshul Kumar | B.A. 3rd | 2314002 | 8.46 |
| 2 | Vice President | Priyanshu Choudhary | B.A 3rd | 2313008 | 8.24 |
| 3 | General Secretary | Kanika | B.Com. 2nd | 24BC001 | 8.55 |
| 4 | Joint Secretary | Jyoti Devi | B.A 1st | 25BA003 | 89% |
| उपरोक्त पदाधिकारियों के अतरिक्त 6 कक्षा प्रतिनिधि तथा विभिन्न क्लबो के 12 मनोनीत सदस्य चयनित हुए। | | | | | |
| **Class Representatives** | | | | | |
| 1 | CR | Nandini | B. A. III | 2313022 | 7.77 |
| 2 | CR | Sakshi | B. Com. III | 2316002 | 7.68 |
| 3 | CR | Deeksha | B. A. II | 2414008 | 6.48 |
| 4 | CR | Sejal | B.Com 2nd | 2416007 | 6.50 |
| 5 | CR | Shagun | B. A. I | 25BA005 | 87.5% |
| 6 | CR | Nandini | B. Com. I | 2416007 | 81% |
| **Extra Curricular Activities** | | | | | |



Generated by CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cultural Activities | Aman Kumar | B.A 2nd | 2414010 | NOMINATIONS |
| | | Ritika | B.A 3rd | 2313027 | |
| 2 | Red Ribbon | Sakshi Dadwal | B.Com 3rd | 2316003 | |
| | | Nitin | B.Com 3rd | 2316012 | |
| 3 | Road Safety Club | Nilakshi Dhiman | B.A 3rd | 2315005 | |
| | | Manish | B.A 3rd | 2314008 | |
| 4. | Rovers/Rangers | Himanshu | B.A Ist | 25BA031 | |
| | | Mehak Rana | B. Com 3rd | 2316004 | |
| 5 | Sports | Harsh | B.A Ist | 25BA030 | |
| | | Harshita | B.A Ist | 25BA026 | |
| 6 | NSS | Ansh Dhiman | B.A 3rd | 2315003 | |
| | | Harshita Verma | B.A Ist | 25BA028 | |

केन्द्रीय छात्र परिषद् पदाधिकारियों और मनोनीत सदस्यों को प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार सोनी द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को शपथ ग्रहण समारोह में पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाई गई|

## 10.अभिभावक – अध्यापक संघ:

इस संघ का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना तथा छात्रों के हितों की रक्षा करना है। प्रति वर्ष संघ की कार्यकरिणी का गठन किया जाता है। सत्र 2025-26 के लिए अध्यापक अभिभावक संघ का चुनाव 13 अगस्त 2025 को प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार सोनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ| जिसमें कार्यकारिणी के निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन हुआ:-

| क्र.स. | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान | श्री मती काजल |
| 2. | उप-प्रधान | श्री मदन सिंह |
| 3. | सचिव | प्रो. मोनिका शर्मा |
| 4. | संयुक्तसचिव | श्री मती ममता |
| 5. | कोषाधिकारी | श्री मती सुनीता कुमारी |
| 6. | सलाहकार | श्री कुशल सिंह |
| 7. | सदस्य | श्री मती पुष्पा देवी |
| 8. | सदस्य (कॉलेज) | प्रो. शिवानी गुप्ता |



Generated by CamScanner

## 11.पूर्व छात्र संगठन (OSA)

महाविद्यालय में वर्ष 2023 में पूर्व छात्र संगठन की स्थापना की गई है। इस समय इसके सदस्यों की संख्या 110 है। राजकीय महाविद्यालय देहरा छात्र संगठन (OSA) 1 मई 2023 को हि0 प्र0 सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 2006 (Act No. 25 of 2006) के अंतर्गत पंजीकृत हुआ। सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालय के पूर्व छात्र संगठन की कार्यकारिणी का गठन 03 नवम्बर 2025 को प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार सोनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ| कार्यकारिणी का विवरण अधोलिखित है:-

| क्र.स. | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान | हर्षिता |
| 2. | उप-प्रधान | शुभम |
| 3. | सचिव | मीनाक्षी |
| 4. | संयुक्त सचिव | अनुष्का |
| 5. | कोषाधिकारी | अक्षत |
| 6. | सदस्य (कॉलेज) | नीतिका |
| 7. | सदस्य (कॉलेज) | प्रियंका |

## 12.महाविद्यालय पत्रिका:

छात्रों के स्वतन्त्र लेखन की मनोवृत्ति को उद्घाटित करने के लिए उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन देने व उनके लेखन को उपयुक्त मंच प्रदान करने के लिए प्रतिवर्ष महाविद्यालय की पत्रिका **"व्यास धारा"** का प्रकाशन किया जाता है। हिंदी, अंग्रेजी, योजना तथा पहाड़ी के अनुभागों से अलंकृत यह पत्रिका छात्रों की सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय देती है। पत्रिका के सत्र- 2025-26 से सम्बन्धित सभी अनुभागों के सम्पादक मण्डल का विवरण निम्नलिखित है :-

| क्र.स. | अनुभाग | सम्पादक / सम्पादिका | छात्रसम्पादक/छात्रासम्पादिका |
|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी | डॉ. मंजू कुमारी | नंदिनी, बी. ए. तृतीय |
| 2 | अंग्रेजी | प्रो. प्रवीन कुमार | अंशुल कुमार , बी. ए. तृतीय |
| 4 | योजना | प्रो . निशा कुमारी | साक्षी, बी.कॉम . तृतीय |



Generated by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | पहाड़ी | प्रो. शिवानी गुप्ता | महक राणा, बी. कॉम . तृतीय |

## 13. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (ICT):

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा भाषा प्रयोगशाला (ICT Lab) वर्ष 2023 में महाविद्यालय की 'सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला' की स्थापना हुई इसमें 10 आधुनिक कम्प्यूटर और Photocopier Machine जैसे उपकरण उपलब्ध हैं। तथा प्राध्यापकों एवं छात्रों के लिए ऑप्टिकल फाईवर बेस्ड ब्रॉड बैण्ड (Optical Fibre based broadband), 100mbps सहित इंटरनेट (Internet) और वाई-फाई (Wi-Fi) का प्रावधान किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की वेबसाइट (Website) के माध्यम से हित धारकों (Stake holder-Students and Teachers) को आवश्यक सूचनाओं एवं जानकारियों को उपलब्ध करवाया जाता है।

## 14.उत्कृष्ट कक्षा कक्ष (ICT enabled Class room)

महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास रूम छात्र-छात्राओं तथा सेवारत प्राध्यापकों के लिए स्थापित किए गए हैं। इसके साथ 02 कक्षाओं में प्रोजेक्टर की सुविधा भी उपलब्ध है।

## 15.रैगिंग निवारण प्रकोष्ठ (Anti-Ragging Cell)

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय में रैगिंग निवारण प्रकोष्ठ (Anti-Ragging Cell) वर्ष 2017 में स्थापित किया गया। महाविद्यालय में स्वस्थ शैक्षणिक, प्रजातांत्रिक, सहयोगात्मक तथा सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए यह प्रकोष्ठ पूर्णत: प्रयासरत है।

## 16.महिला प्रकोष्ठ (Women Cell)

महाविद्यालय में छात्राओं एवं महिला वर्ग को उनके वैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए लैंगिक उत्पीड़न सम्बन्धी मामलों की जांच हेतु महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ सक्रिय है| तथा जो समय- समय पर महिला कर्मचारियों तथा छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करता है|



Generated by CamScanner

## 17.आंतरिक गुणवत्ता आकलन प्रकोष्ठ (I.Q.A.C.)

महाविद्यालय में यह प्रकोष्ठ वर्ष 2017 में स्थापित किया गया। प्रकोष्ठ द्वारा समय-समय पर सभाएँ आयोजित की जाती हैं। इसके अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा किए गए सकल विकासात्मक कार्यों, आकादमिक व अन्य गतिविधियों की गुणवत्ता का आकलन कर अपेक्षित सुझाव दिये जाते हैं। AISHE (All India Survey on Higher Education MHRD को वार्षिक रिपोर्ट प्रेषित की जाती है

## 18.मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ (Guidance & Counselling Cell)

सत्र के आरम्भ से लेकर अन्त तक विद्यार्थियों के आग्रह पर विभिन्न शैक्षणिक व व्यावसायिक गतिविधयों का आयोजन किया जाता है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से मुख्यत: व्यक्तित्व का विकास, विभिन्न कौशलों का विकास, प्रभावशाली शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के लिए शिक्षण कौशल, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबन्धन, विज्ञान एवं अध्यात्म, प्रशासनिक सेवाएँ आदि विषयों की जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है।

## 19. रेड-रिब्बन क्लब (Red Ribbon Club)

महाविद्यालय देहरा में रेड-रिब्बन क्लब की स्थापना की गयी है| इस क्लब द्वारा युवाओं के साथ विभिन्न विषयों जैसे टी.बी., एड्स से बचाव सम्बन्धी चर्चा की जाती है| राष्ट्रीय एड्स कण्ट्रोल संस्था (NACO) स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार किए जाते है| रेड-रिब्बन एक प्रतीकात्मक चिन्ह हैं जो एच. आई.वी.एड्स के विरुद्ध संघर्षरत लोगों की एकता को दर्शाता है|

## 20. रोवर व रेंजर्स (Rover and Ranger Unit)

(भारत स्काउट और गाइड हिमाचल प्रदेश ) राजकीय महाविद्यालय देहरा में रोवर व रेंजर्स इकाई का गठन वर्ष 2019 में चार्टर न. BSGHP0050 के तहत किया गया| जिसमें रोवर विभाग में 20 छात्र व रेंजर्स विभाग में 20 छात्राओं का चयन किया गया है| प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय में रोवर व रेंजर्स का चयन किया जाता है|

## 21.सड़क सुरक्षा क्लब (Road Safety Club)

महाविद्यालय देहरा में सरकार के आदेशनुसार सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया है तथा महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी इसके पंजीकृत सदस्य हैं| इस क्लब द्वारा विद्यार्थियों तथा स्थानीय जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए समय -समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है|

**22.राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)** महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई स्वीकृत है| वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी के रूप में प्रो. शिवानी गुप्ता अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही हैं| राष्ट्रीय सेवा योजना में 55



Generated by CamScanner

छात्र पंजीकृत हैं| राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के समाजिक जागरूकता कार्यक्रमों तथा गतिविधियों का आयोजन किया जाता है|

- **27 दिसम्बर 2025 से 02 जनवरी 2026 तक NSS इकाई द्वारा सप्तदिवसीय शिविर** का आयोजन किया गया| शिविर का शुभारम्भ डॉ. सतीश सोनी (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर) द्वारा किया गया|
- शिविर के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता की शपथ लेते हुए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान छेड़ा गया| इस अभियान के तहत स्वयंसेवियों द्वारा गोद लिए गए गाँव सेरा बाड़ी के शिव मन्दिर, देहरा नगर परिषद के खेल मैदान , देहरा गायत्री मन्दिर के समीप तथा महाविद्यालय परिसर आदि की सफाई की गई|
- सप्त दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया| इस दौरान प्रत्येक दिन स्वयंसेवियों को विभिन्न विभागों के करियर, मानसिक स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवन शैली, शिक्षा को समाज में बदलने की भूमिका तथा रेशम उत्पादन में जीविकापार्जन आदि विषयों पर प्रबुद्धजनों द्वारा व्याख्यान किया गया |
- सप्तदिवसीय शिविर का समापन डॉ. एन.एन.शर्मा, सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय तकीपुर द्वारा किया गया|

## 23.खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियाँ (सत्र-2025-26)

**दिनांक** 08 **जुलाई 2025** को हिमाचल प्रदेश स्टेट एड्स कण्ट्रोल सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान मैं एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विशेष वक्ता के रूप मैं श्रीमती मीनाक्षी और श्री अश्विनी शर्मा ने एड्स के बारे मैं विस्तार से जानकारी दी|

**12 जुलाई** को "एक पेड़ मां के नाम" पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया महाविद्यालय परिसर में नीम, हरड़, अमरूद के 20 पौधारोपण किया गया । इस कार्यक्रम में लगभग 95 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

**19 जुलाई** को महिला प्रकोष्ठ के सौजन्य से **"मानसिक स्वास्थ्य तथा व्यक्तिगत स्वच्छता"** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज्वालामुखी से आमंत्रित विशेषज्ञ डॉ राहुल ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित रोगों, कारणों तथा उनकी रोकथाम के बारे में विस्तार से चर्चा की।

**06 अगस्त** को एन.एन.एस.इकाई द्वारा महा. परिसर में स्वच्छत्ता, सौंदर्यीकरण व पौधारोपण अभियान चलाया गया|

**07 अगस्त** को रेड-रिब्बन क्लब के द्वारा देहरा की गोद ली गई बस्ती में घर-घर अभियान के तहत एच. आई. वी. एड्स बीमारी के बारे में जागरूक किया गया|

**14 अगस्त** को राष्टीय सेवा योजना के स्वयसेवियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्रों को अपनी सृजनात्मकता के तहत कागज पर उकेरा|



Generated by CamScanner

**20 अगस्त** को TLC व सेबी के संयुक्त तत्वाधान से निवेशक जागरूकता कार्यक्रम वेबीनार का आयोजन किया गया| सेबी की तरफ से गौरी गीत मुख्य वक्ता रही जिन्होंने विद्यार्थियों को शीघ्र बचत करने के लाभ, निवेश के विभिन्न विकल्पों, निवेश के फायदे तथा निवेश करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

**23 अगस्त** को 'टी बी हारेगा देश जीतेगा' विषय पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को टी बी के विरुद्ध जागरुक करना था|

**29 अगस्त** को सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर व नारा लेखन तथा कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**13 सितम्बर** को हिंदी दिवस समारोह के अंतर्गत हिंदी पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया| जिसके अंतर्गत **"आज की हिंदी और उसका भविष्य" विषय पर** भाषण प्रतियोगिता, काव्यपाठ, नारा लेखन, निबन्ध लेखन इत्यादि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।

**19 सितम्बर** को हिमाचाल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये गए उन्नत भारत अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज एवं सेवा भारती इकाई देहरा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया|

**24 सितम्बर** को एन.एन.एस. दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया|

**27 सितम्बर** को महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा पहली बार विद्यार्थियों की प्रतिभा तराशने हेतु टैलेंट हंट (राइजिंग स्टार) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ बलवंत सिंह ठाकुर ने शिरकत की | इस कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण, वाद-विवाद, एकल गायन एकल, नृत्य, समूह गायन, समूह नृत्य, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, स्पॉट फोटोग्राफी, स्पॉट पेंटिंग, कार्टून इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया |

**01 अक्टूबर** को छात्रों के लिए हिमोग्लोबिन जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया |

**3 अक्टूबर** को NSS इकाई द्वारा सारथी अभियान के तहत सिविल अस्पताल देहरा का भ्रमण किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि इस अभियान के तहत दो NSS स्वयं सेवी स्वेच्छा से अस्पताल में अपनी सेवाएँ देंगे ताकि समाज सेवा में वे अपनी सक्रिय भूमिका निभा सके |

**9 अक्टूबर** को TLC तथा हिमाचल सरकार व क्रैक अकादमी के सयुंक्त तत्वाधान से छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया | महविद्यालय के 54 छात्रों ने यह परीक्षा दी।

**9 अक्टूबर** को महिला प्रकोष्ठ व सांस्कृतिक समिति के सौजन्य से मेहंदी प्रतियोगिता, बाल- सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**13 अक्टूबर** को समर्थ 2025 अभियान के तहत "आपदा नहीं, सुरक्षा क्षमता" कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को सुरक्षित निर्माण और आपदा से बचाव का संदेश दिया गया।

**17 अक्टूबर** को NSS इकाई द्वारा दीवाली के उपलक्ष्य पर निबन्ध लेखन व लिखनू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया|

**27 अक्टूबर** को क्रैक एकेडमी छात्रवृत्ति योजना **मेरे शहर के 100 अनमोल रतन** के तहत परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के साथ शिष्टाचार वार्ता का आयोजन किया गया।

**31 अक्टूबर** को एन.एस. एस, रोड सेफ्टी क्लब तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तथा इसके साथ साथ महाविद्यालय परिसर मैं तम्बाकू व धूम्रपान निषेध प्रतिज्ञा समारोह का भी सफल आयोजन किया गया|

**7 नवंबर** को अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य विभाग द्वारा **ट्रंप टैरिफ नीतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव** विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।



Generated by CamScanner

**8 नवम्बर** को महाविद्यालय के युवा पर्यटन क्लब के सौजन्य से 31 विद्यार्थियों को आनंदपुर साहिब व विरासत-एखालसा का भ्रमण करवाया गया|

**14 नवम्बर** को रेड रिबन क्लब के सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी काँगड़ा द्वारा जारी तम्बाकू एवं टीबी जागरूकता सम्बन्धी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया |

**15 नवम्बर** को सडक सुरक्षा क्लब द्वारा 'सड़क सुरक्षा' विषय पर निबन्ध लेखन तथा रंगोली प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया|

**17 नवम्बर** को महविद्यालय की आपदा प्रबन्धन समिति द्वारा विद्यार्थियों को **अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबन्धन** के प्रति जागरूक करने के लिए एक प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया|

**17 नवम्बर से 23 नवम्बर** – महविद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने 'युवा आपदा मित्र योजना' के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण काँगड़ा के सौजन्य से 7 दिवसीय आवासीय शिविर में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया |

**18 नवम्बर** को रा. म. देहरा तथा रा. म. हरिपुर गुलेर द्वारा सयुंक्त तत्वाधान से देहरा तथा उसके आस-पास के क्षेत्रो के के प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने हेतु **रोजगार मेले** का सफल आयोजन किया गया| जिसमें 15 राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियों की ओर से लगभग150 युवाओं का साक्षात्कार लिया गया|

**20 नवम्बर** को सोशल साइंस सोसाइटी एवं कॉमर्स सोसाइटी के सौजन्य से AI के पक्ष और विपक्ष तथा आत्मविश्वास एवं सम्प्रेषण कौशल को बढ़ाने पर AI का प्रभाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया|

**29 नवम्बर** को इस वर्ष विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया|

**17 दिसम्बर** को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों द्वारा देहरा के एंड पॉइंट पर एक दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया|

**18 दिसम्बर** को नशा मुक्त भारत अभियान में आहुति डालने हेतु एक विशाल रैली का आयोजन किया गया| जिसमें महाविद्यालय के 50 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया|

**20 दिसम्बर** को सडक सुरक्षा क्लब के सौजन्य से विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सडक सुरक्षा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया|

**23 दिसम्बर** को 'सड़क सुरक्षा क्लब' की तरफ से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया| जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में पुलिस अधीक्षक देहरा श्री मयंक चौधरी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित मूल सिद्धांतों पर विस्तार से समझाया|

**30 दिसम्बर** को सड़क सुरक्षा क्लब की तरफ से सड़क सुरक्षा के महत्त्व को लेकर एक विशेष रैली व ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया|



Generated by CamScanner

26 जनवरी 2026 को सांस्कृतिक समिति के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा उपमंडलीय स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह में शानदार नृत्य प्रस्तुति दी गई|

**14 फरवरी** को राजकीय महाविद्यालय देहरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200 मीटरदौड़, लंबीकूद, ऊंचीकूद, शॉटपुट प्रतियोगिताओं में भाग लिया | इसके अतरिक्त विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए नींबू दौड़, मटका फोड़ प्रतियोगिता, रस्साकशी, तीन पैरों पर दौड़ तथा कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का भी का आयोजन किया गया | मनीष को सर्वश्रेष्ठ धावक और सेजल को सर्वश्रेठ धाविका घोषित किया गया|

**19 फरवरी** को अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र के सौजन्य से विद्यार्थियों के लिए करियर से संबंधित विषय पर एक कार्यशाला तथा अर्थशास्त्र व वाणिज्य विभाग के सयुक्त तत्वाधान से **राजस्व घाटा अनुदान(RDG)** विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया| जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफ. कारण सिंह पठानिया व बद्दी विश्वविद्यालय से डॉ. राजीव उपस्थित रहे|

**23 फरवरी** को अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र के सौजन्य से विद्यार्थियों के लिए करियर से सम्बन्धित परामर्श देने के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया| जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में चितकारा विश्वविद्यालय के निदेशक श्री संजीव कुमार (पूर्व सेवानिवृत्त निदेशक आकाशवाणी चंडीगढ़ ) उपस्थित रहे |

**24 फरवरी-5 मार्च तक महाविद्यालय में** आगामी सत्र (2026-27) के लिए विद्यार्थियों की संख्या बढाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया| इस अभियान के तहत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको द्वारा विभिन्न राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं का भ्रमण कर 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्त्व के बारे में विस्तार से समझाते हुए स्थानीय महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया|

**28 फरवरी** को महिला प्रकोष्ठ के सौजन्य से छात्राओं को **सर्वाइकल कैसर** जैसी गंभीर बीमारी के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया| कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में आयुर्वैदिक अस्पताल देहरा से डॉ. अरविन्द गुलेरिया तथा डॉ. मुस्कान उपस्थित रहे|

## 24.महाविद्यालय के प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ

(I) **स. प्रो. मोनिका शर्मा:** अर्थशात्र विभाग ने इस वर्ष 'डिपार्टमेंटल एग्जाम' पास किया तथा राष्ट्रीय व दो अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया | दो अलग-अलग FDP प्रोग्राम तथा ऑनलाइन नेशनल सर्टिफिकेट में सफलता पूर्वक भाग लिया|

(II) **स.प्रो. निशा कुमारी:** वाणिज्य विभाग ने दो अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया| एक अंतर्राष्टीय कार्यशाला(ऑनलाइन) तथा तीन अलग-अलग FDP प्रोग्राम में भी सफलता पूर्वक भाग लिया|



Generated by CamScanner

(III) **डॉ. प्रवीन कुमार :** राजनीति विभाग ने राष्ट्रीय व तीन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया | तथा तीन FDP प्रोग्राम तथा DDMA काँगड़ा द्वारा आयोजित छः दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम व एक कार्यशाला में भाग लिया|

(IV) **डॉ. मंजू कुमारी :** हिन्दी विभाग ने एक रेफ्रेशर्स कोर्स, दो अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा एक शोध आलेख अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका 'सेतु' में प्रकाशित हुआ|

(V) **स. प्रो. शिवानी गुप्ता:** वाणिज्य विभाग ने इस वर्ष 'डिपार्टमेंटल एग्जाम' पास किया तथा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया व FDP प्रोग्राम में सफलता पूर्वक भाग लिया|

(VI) **स.प्रो. निवेदिता चौहान:** अर्थशास्त्र विभाग ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा एक FDP प्रोग्राम में भी भाग लिया|

इस प्रतिवेदन को पूर्ण करने से पूर्व यह मेरा पावन कर्त्तव्य बनता है कि मैं अपने सहयोगियों, कर्मचारियों, CSCA पदाधिकारियों व सदस्यों, विद्यार्थियों का आभार प्रकट करूँ जिनके सहयोग से प्रशासनिक एवं समस्त गतिविधियों का कार्य पूर्ण हुआ और आप सभी के सहयोग से यह पारितोषिक वितरण समारोह सुव्यवस्थित हो पाया|

मान्यवर, महाविद्यालय में आपके आगमन पर मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका ह्रदय से आभार व्यक्त करती हूँ| आपने अपना बहुमूल्य समय निकालकर महाविद्यालय में पधारने की कृपा की और हम सभी को आशीर्वाद देकर उपकृत किया। मैं समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य महानुभावों व अतिथियों, पत्रकार बन्धुओं, महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों का हार्दिक आभार व धन्यवाद करती हूँ।

जय भारत ! जय हिमाचल !

कार्यकारी प्राचार्य
(प्रो. मोनिका शर्मा)
राजकीय महाविद्यालय देहरा
जिला कांगड़ा हि.प्र.

Principal
Govt. Degree College
Dehra Distt. Kangra (H.P.)

दिनांक : 13/03/2026



Generated by CamScanner